प्रेस नोट

दिनाँक 30.11.2024

गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-

हमीरपुर पुलिस लाइन में आज दिनांक 30 नवम्बर 2024 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया, इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों के कार्यों की सराहना कर सम्मानित किया गया।

समारोह में सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में क्षेत्राधिकारी राठ दिलीप सिंह, मु0आ0 सशस्त्र पुलिस राजवीर सिंह को सम्मानित किया गया:-

जिन्होंने पुलिस सेवा में कई वर्षों तक अपना योगदान दिया व समाज की सुरक्षा एवं शांति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा कर्तव्यपरायणता और अनुशासन ने पुलिस विभाग में एक मिसाल कायम की और उन्होंने अपने समर्पण से विभाग को मजबूत किया। अपनी सेवाओं के दौरान पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने में अहम योगदान दिया। जिनके उत्कृष्ट कार्य और प्रतिबद्धता ने पुलिस सेवा में उच्च मानक स्थापित किए। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विभाग के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपने संबोधन में इनके योगदान की प्रशंसा की और पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन्होने न केवल विभाग बल्कि समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। समारोह के अंत में उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सरीला व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हमीरपुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह में भावभीनी विदाई दी। सभी ने मिलकर क्षेत्राधिकारी राठ दिलीप सिंह, मु0आ0 सशस्त्र पुलिस राजवीर सिंह की सेवा और समर्पण को नमन किया।